सरकार स्वदेशी अखबारी कागज के स्टॉक की स्थिति पर निरंतर निगरानी रख रही है। जब कभी आवश्यक होता है, उपयुक्त सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।

नई दिल्ली में बैंक का लूटा जाना

*291. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 26 फरवरी, 1993 को करोल बाग, नई दिल्ली स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक से 49 लाख रुपये लूटे जाने के मामले की कोई जांच की गई है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली में बैंकों से इस तरह कितनी राशि लूटी गई; और

(ग) ऐसे बैंकों के नाम क्या हैं तथा इन बैंकों से किस-किस तारीख को कितनी-कितनी राशि लूटी गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने सूचित किया है कि इसने करोल बाग, नई दिल्ली पुलिस स्टेशन में एक एफ.आई.आर. दर्ज करायी है और पुलिस जांच चल रही है। प्रारम्भिक आन्तरिक जांच के पश्चात्, बैंक ने अपनी ओर से घटना में कथित रूप से पाये गये लापरवाह अथवा लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है।

(ख) और (ग) सूचना नीचे दी गई है :–

बैंक का नाम	घटना की तारीख	अंतर्ग्रस्त धनराशि
		रु०
भारतीय स्टेट बैंक, केशोपुर, नई दिल्ली . .	6–4–1990	2,05,919
केनरा बैंक, आजादपुर विस्तार काऊंटर, दिल्ली .	8–3–1991	8,54,500
स्टेट बैंक आफ पटियाला, ओखला औद्योगिक क्षेत्र शाखा, नई दिल्ली	15–7–1991	2,04,040
ओरियंटल बैंक आफ कामर्स, जी. टी. करनाल रोड, दिल्ली	7–9–1991	50,000

केनरा बैंक की समस्त धनराशि बाद में वसूल हो गयी थी।

मानव चालित टेलीफोन एक्सचेंजों का इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदला जाना

*292. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में मानव-चालित टेलीफोन एक्सचेंजों की जिला-वार संख्या क्या है;

(ख) इन सभी टेलीफोन एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में कब तक बदल दिया जायेगा;